हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–122 : जौनपुर, मंगलवार 10 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तर्ज पर जिलों में भी हों इन्वेस्टर्स समिट –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी के सांसद व विधायकगणों के साथ क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को क्षेत्रीय जनभावनाओं से अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल निर्णय के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया। इससे पूर्व विगत दिवस सहारनपुर, आजमगढ़, झांसी और मुरादाबाद मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ भी विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समग्र विकास के लिए हमें 'रिफॉर्म, परफॉर्म ट्रांसफॉर्म' का मंत्र दिया है। इस मंत्र को अपनी कार्ययोजना में उतारने का ही परिणाम है कि बीते साढ़े पांच साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। देश–विदेश के निवेशकों के लिए सर्वश्रेठ गंतव्य के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान है। आज देश–दुनिया के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित है। यह बदलाव हमारे प्रदेश, हमारे युवाओं के स्वर्णिम भविष्य की राह बनाने वाला है। आगामी 10–12 फरवरी तक 'उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट' का आयोजन किया जाना प्रस्ताशवित है। इस विशेष आयोजन के दृष्टिगत देश–दुनिया के निवेशकों को आमंत्रित करने गई 'टीम यूपी' को हर जगह उद्योग जगत की ओर से 12 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। यह ग्लोबल इन्वेस्टर समिट ऐतिहासिक होने जा रहा है। वर्ष 2027 तक प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की पूर्ति में यह इन्वेस्टर्स समिट सहायक होगा। हाल के दिनों में कुछ जनपदों ने जनपदीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर अपने जनपद में हजारों करोड़ के निवेश प्राप्त किए। ऐसा ही प्रयास सभी जिलों में किया जाना चाहिए। जनप्रतिनिधि गण जनपदीय इन्वेस्टर्स समिट को नेतृत्व दें। हर जनपद में संभावनाएं हैं। सभी सांसद–विधायक गण अपने क्षेत्र के उद्यमियों, व्यापारियों, प्रवासी जनों से संवाद–संपर्क बनाएं। उन्हें प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियों, सेक्टोरल पॉलिसी की जानकारी दें। अपने क्षेत्र के पोटेंशियल का परिचय दें और निवेश के लिए प्रोत्साहित करें। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह इन्वेस्टर्स समिट नई ऊंचाइयों को छूने वाला होगा। उन्होंने कहा कि सांसद–विधायक गण जिला प्रशासन, औद्योगिक विकास विभाग, इन्वेस्ट यूपी और मुख्यमंत्री कार्यालय का सहयोग लेते हुए प्रदेश सरकार की नई औद्योगिक नीतियों का व्यापक प्रचार प्रसार करें। स्थानीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक और आईटीआई में युवाओं के बीच इन पर परिचर्चा कराई जाए। जनप्रतिनिधिगण इन कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें। सांसद–विधायकगण क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करते रहें। यह योजनाएं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की छवि निर्माण में सहायक हैं। गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने में जनप्रतिनिधियों को योगदान करना होगा। सभी



सांसद व विधायकगण करें सोशल मीडिया का इस्तेमाल मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तकनीकी क्रांति के इस दौर में सोशल मीडिया, संवाद का बेहतरीन माध्यम बन कर उभरा है। सभी सांसद व विधायकगणों को इस मंच का उपयोग करना चाहिए। केंद्र व राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं, औद्योगिक नीतियों, रोजगारपरक कार्यक्रमों के बारे में सकारात्मक भाव से सोशल मीडिया मंच पर अपनी राय रखनी चाहिए। जनता से संपर्क–संवाद बनाने में यह मंच अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज पावन अयोध्या, काशी और मथुरा अपने पुरातन वैभव के साथ वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर रही है। जनभावना के अनुरूप राज्य सरकार ने मथुरा में ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन कर मथुरा–वृंदावन के समग्र विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। ब्रज क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता में है। स्थानीय सांसद व विधायक गण विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करते रहें। ब्रज क्षेत्र में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के सुदृढ़ीकरण की कार्ययोजना को पूरी तत्परता से समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। परिक्रमा पथ से जुड़े गांवों में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए जनप्रतिनिधियों को भी प्रयास करना चाहिए। शासन स्तर से भी इस संबंध में कार्य किया जाएगा। प्रदेश में संचालित निराश्रित गो–आश्रय स्थलों में आज 9 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित किये गए हैं। गोवंश पालन के इच्छुक किसानों को 900 प्रतिमाह दिए जाने की योजना के भी अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। सांसद व विधायक गण ऐसी योजनाओं में रुचि लेते हुए आम जन को इनसे जोड़ने का प्रयास करें। निराश्रित गोवंश के बेहतर संरक्षण के लिए आश्रय स्थलों की क्षमता वृद्धि भी की जा रही है। हम विकास खंड स्तर पर बड़े गोवंश आश्रय स्थल भी तैयार करा रहे हैं। सांसद–विधायक गण को इस परियोजना के लिए भूमि की उपलब्धता के लिए सहयोग करना चाहिए। जनभावना का सम्मान करते हुए आगरा में छत्रपति शिवाजी स्मारक की स्थापना कराया जाना चाहिए। सांसद व विधायक गणों को इस संबंध में संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए बेहतर कार्ययोजना तैयार करानी चाहिए। राज्य सरकार से हर संभव सहयोग दी जायेगी। किसानों का हित संरक्षण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता अन्नदाता किसानों का हित संरक्षण सरकार को शीर्ष प्राथमिकता है। बिजली बिल भुगतान न होने के कारण किसी भी किसान का विद्युत कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इस संबंध में पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए गए हैं। कतिपय क्षेत्रों से कनेक्शन काटे जाने की सूचना मिली है। यह स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए दोषी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। सरकार की स्पष्ट मंशा है कि थाना व तहसील दिवसों पर आने वाली शिकायतों का समुचित समाधान हो। जनप्रतिनिधि गण स्वयं यहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यहां आने वाली शिकायतों का समय–सीमा के भीतर निस्तारण हो। मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर से इसकी समीक्षा की जा रही है।

## हमीदपुर ने बौडिह को हराकर जीता मैच

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी उरूवा : आर्मी लवर एल्ड्म क्रिकेट प्रतियोगिता कुशलदेईया मे शुभारंभ मंगलवार को हुआ। प्रतियोगिता में हमीदपुर और बौडिह के बीच खेला गया हमीदपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और बौडिह ने निर्धारित 6 ओवर में 66 रन का स्कोर खड़ा किया और इस मुकाबले में हमीदपुर ने 5 ओवर में ही मैच अपने कब्जे में कर लिया और उद्घाटन मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अतीक को चुना गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशी अखिलेश त्रिपाठी सभासद पद के प्रत्याशी सुरेश उपाध्याय ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत कराई। अंपायर सचिन ,उत्कर्ष , दीपक बंटी चौधरी रहे। इस दौरान प्रदुम यादव ,सतीश चौधरी मनोज



तिवारी, अर्जुन चौधरी ,,सुनील यादव, व्यवस्थापक रमाकांत यादव, आर्यन मिश्रा, रवि, आकाश ,महेंदर आदि लोग मौजूद रहे।

## दुर्घटनओं में कमी लाये जाने हेतु सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : सड़क दुर्घटनओं में कमी लाये जाने के प्रयासों के क्रम में अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति /जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में सडक सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित एजेण्डा बिन्दुओं की गहनतापूर्वक चर्चा हुयी और जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों की समीक्षा की गयी। उक्त के साथ ए०आर०टी०ओ० प्रशासन द्वारा जौनपुर से आजमगढ रोड, जौनपुर से सुल्तानपुर रोड, जौनपुर से मछलीशहर रोड एवं जौनपुर से वाराणसी रोड पर सड़क दुर्घटना सम्भावित स्थानों की निरीक्षण पत्रावली जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिलाधिकारी द्वारा पत्रावली के निरीक्षणोपरान्त उक्त समस्त मार्गों से सम्बन्धित विभाग को सड़क ठीक करने, लिंक मार्गो पर गति अवरोधक लगाने जगह–जगह साइनेज लगाने एवं सड़क के मध्य कट वाले स्थानों पर चमकीले रिफ्लेक्टर लगाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्हाने अधि.अभि.पी0डब्लू0डी0 को ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाले सड़कों के किनारे पेडों पर भी रेफ्लेक्टर लगाने हेतु



निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा शास्त्री पुल की मरम्मत हेतु भी निर्देशित किया गया। सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सभी अधिकारियों को अपनी–अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री आर०ए० चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शैलेन्द्र सिंह, ए०आर०टी०ओ० (प्रशासन) एस0पी0 सिंह, ए०आर०टी०ओ० (प्रवर्तन) श्रीमति स्मिता वर्मा, टी०आई० जी०डी० शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार श्रीवास्तव, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता जैनु राम , एन एच आई के अधिकारी मृत्युंजय यादव एवं सदस्य सड़क सुरक्षा समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में मंगलवार को विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि भाषा का अपना एक संसार है किसी भी विषय का विस्तार बिना भाषा के असंभव है। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा समृद्ध है इसे बोलने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। विश्व में हिन्दी का विकास करने और एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के तौर पर इसे प्रचारित–प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था, इसीलिए इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर तकनीक के साथ हिंदी पर अपनी गहरी समझ रखने वाले प्रोफेसर रवि प्रकाश ने हिंदी के काल को विस्तार से समझाया और कहा कि आजादी की लड़ाई में भी कवियों का विशेष योगदान था। उन्होंने अनुनासिक, अनुस्वार, अलंकार समेत हिंदी व्याकरण को विस्तार से समझाया। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने गद्य, पद्य, दोहा, सोरठा, चौपाई की विशेषताओं पर विस्तार से बताया। परीक्षा नियंत्रक व्यास नारायण सिंह ने हिंदी की सर्वग्राहिता पर गीत के माध्यम से प्रकाश डाला। समारोह का संचालन प्रो. मानस पांडेय



ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय , सहायक कुलसचिव अमृतलाल, अजीत सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. नूपुर गोयल, प्रो.मिथिलेश सिंह, डॉ राजकुमार, डॉक्टर संतोष कुमार, डॉ मनोज मिश्र, डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ.रसिकेश, डा. गिरधर मिश्र, डॉ.सुनील कुमार, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. मनोज पांडेय, नीतेश जायसवाल, डॉ सुशील कुमार सिंह, सुशील प्रजापति, करुणा निराला आदि लोग उपस्थित थे।

## कुलपति ने युवा महोत्सव का लोगो जारी किया : 12–13 जनवरी को आयोजित होगा युवा महोत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में युवा महोत्सव का आयोजन 12– 13 जनवरी को होने जा रहा है। कुलपति सभागार में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव का लोगो जारी किया। लोगो में विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार और जौनपुर के शाही पुल को भी समाहित किया गया है ।उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न भागों से आने वाले प्रतिभागियों के लिए विश्वविद्यालय पूरी तरह तैयार है। उन्होंने समिति के आयोजकों को युवा महोत्सव की तैयारी से जुड़े आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। युवा महोत्सव के नोडल अधिकारी डॉ मनोज मिश्र ने बताया कि दो दिवसीय युवा महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे। उद्घाटन सत्र में पंजाब नेशनल बैंक वाराणसी के अंचल प्रबंधक अजय कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। युवा महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित होने वाले समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी



होंगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से भाग करने हेतु टीमों की अंतिम सूची तैयार की जा रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो मानस पांडेय, प्रो अजय द्विवेदी, सहायक कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह अमृतलाल, डॉ. गिरधर मिश्र, कार्यक्रम संयोजक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ सुनील कुमार, डॉ रसिकेश समेत विश्व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## नगर विकास मंत्री ने रैन बसेरों और अलाव व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने सोमवार शाम 9:00 बजे राजधानी के कई इलाकों में स्थायी और अस्थायी रैन बसेरों और अलाव व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। नगर विकास मंत्री अपने आवास से 1090 चौराहा, अम्बेडकर पार्क चौराहा, लोहिया चौराहा, मिठाई वाला चौराहा, मनोज पांडेय चौराहा, पत्रकार पुरम चौराहा, होसड़िया चौराहा से होते हुए हैनिमैन चौराहा, ओल्ड अमेटी चौराहा, कठौता चौराहा से चिनहट तिराहा पहुंचे। उसके पश्चात मटियारी चौराहा से वापसी करते हुए कमता तिराहा पहुंचे। जहां से उन्होने पॉलिटेक्निक



चौराहे पर अलाव व्यवस्था का जायजा लिया। इसके पश्चात भूतनाथ, लेखराज मार्केट, बादशाह नगर से होते हुए निशातगंज चौराहे पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चौराहे के पास बने नगर निगम के स्थायी शेल्टर होम का औचक निरीक्षण किया। इस शेल्टर होम में उद्देश्य फाउंडेशन और नगर निगम द्वारा दी गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान शेल्टर होम में 47 लोग उपस्थित मिले ।श्री शर्मा ने उपस्थित लोगों से बात की और व्यस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही यह भी जानकारी ली कि उन्हें शेल्टर होम की जानकारी कहां से मिली। श्री शर्मा ने शौचालय और रसोई घर का भी निरीक्षण किया और साफ–सफाई देख मौजूद कर्मचारियों की प्रशंसा कर इस व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश भी दिये। इसके पश्चात श्री शर्मा सिकंदरबाग, सप्रू मार्ग, श्री राम टावर से हजरतगंज चौराहे होते हुए सिविल हॉस्पिटल पहुंचे। जहां उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति खुले में सोए। इस दौरान नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने प्रदेश के अन्य नगर निगम और निकायों में फोन से वार्ता कर निराश्रितों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही व्यवस्था में किसी भी हीला–हवाली न होने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से रैन बसेरों में आश्रय लिए लोगों की उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली और बेहतर व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश भी दिये।

## जनपद में 10 से 27 फरवरी 2023 तक चलाया जाएगा फाइलेरिया रोग से मुक्ति हेतु अभियान

जौनपुर सू.वि. : जनपद में फाइलेरिया रोग से मुक्ति हेतु अभियान 10 फरवरी से 27 फरवरी 2023 तक चलाया जाएगा। अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह के द्वारा बताया गया कि आशा एवं अन्य वालंटियर सदस्य को मिलाकर गठित 02 सदस्य टीम द्वारा अभियान के दौरान घर–घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा का सेवन कराया जाएगा। पांच–छह टीमों पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है। टीम के प्रत्येक सदस्य को प्रतिदिन रु 125 एवं सुपरवाइजर को प्रति टीम प्रतिदिन रु 50 पर्यवेक्षण हेतु दिया जाएगा। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यधिक बीमार व्यक्तियों को छोड़कर जनपद की समस्त जनसंख्या को फाइलेरिया की दवा डी ई सी एवं एल्बेंडाजोल खिलाया जाएगा। अभियान के दौरान ही हाथ पैर की सूजन वाले लिंफोएडिमा के रोगियों एवं हाइड्रोसील रोगियों का भी चिन्हीकरण किया जाएगा। अभियान के पश्चात उक्त रोगियों का मार्बिडीटी मैनेजमेंट एवं शल्य चिकित्सा कराया जाएगा। जनपद वासियों से अपील है कि जब उनके यहां आशा दवा खिलाने जाए तो वह दवा का सेवन अवश्य करें ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके एवं जनपद को फाइलेरिया मुक्त किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला मलेरिया अधिकारी वी.पी. सिंह, समस्त एमओआईसी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

सर्व का सहयोग लेने के लिए पहले स्वयं सहयोगी बनना पड़ता है।

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# मनरेगा में सुधार की उम्मीद

बेशक मनरेगा अकेले भारत के रोजगार संकट को दूर नहीं कर सकता है।लेकिन यह कार्यक्रम हमारे देश की 15 फीसदी से अधिक आबादी के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है। यही वजह है कि इस कार्यक्रम को बेहतर ढंग से काम करना चाहिए।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम या मनरेगा एक बार फिर खबरों में है। केंद्र सरकार ने देश के निर्धन क्षेत्रों में और अधिक काम के अवसर पैदा करने की उम्मीद में देश के एकमात्र रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के पुनर्गठन के लिए एक नए पैनल का गठन किया है। इस महत्वपूर्ण निर्धनता–विरोधी योजना को पुनर्जीवित करने की इस कोशिश के पीछे एक प्रमुख कारण यह है कि कई गरीब और अधिक आबादी वाले राज्यों को इसकी अधिक आवश्यकता है, खासकर जिन्होंने धनी और विकसित राज्यों की तुलना में बहुत खराब ढंग से इस योजना को लागू किया है।

पूर्व ग्रामीण विकास सचिव और प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार अमरजीत सिन्हा की अध्यक्षता वाले इस पैनल से समीक्षा प्रक्रिया के तहत ग्रामीण रोजगार की मांग को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों की जांच करने, नरेगा के खर्च के पैटर्न एवं अंतर–राज्यीय अंतरों का विश्लेषण करने, कार्य–संरचना का आकलन करने और उपयुक्त बदलाव के लिए सुझाव देने की उम्मीद है। अच्छी बात यह है कि इस पैनल की एक समय–सीमा तय है–अब से तीन महीने।

लेकिन अकेले नीतिगत सिफारिशों से इस योजना से संबंधित कई समस्याओं का समाधान नहीं होगा, क्योंकि मनरेगा की स्थापना 15 साल पहले सबसे निचले सामाजिक–आर्थिक पायदान पर रहने वाले वयस्कों को कम से कम सौ दिन की गारंटीशुदा मजदूरी वाला रोजगार प्रदान करके एक परिवार की न्यूनतम आजीविका सुरक्षा के लिए की गई थी। यह एक मांग–संचालित योजना है, जो अनिवार्य रूप से प्रत्येक इच्छुक ग्रामीण परिवार को प्रति वर्ष 100 दिनों के अकुशल कार्य की गारंटी देती है।

हैरानी की बात नहीं है कि जो राज्य बेहतर शासित हैं, वे सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने में सक्षम हैं और खराब शासन वाले राज्यों के निवासियों की तुलना में बेहतर ढंग से शासित राज्यों के नागरिकों को ज्यादा लाभ मिलते हैं। गौरतलब है कि पिछले वित्त वर्ष में कोई भी राज्य मनरेगा के तहत प्रति परिवार 100 दिनों का गारंटीशुदा मजदूरी वाला रोजगार उपलब्ध नहीं करा पाया था।

अब जरा ग्रामीण विकास और पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति के एक महत्वपूर्ण मुद्दे–मजदूरी के भुगतान में देरी–पर की गई टिप्पणियों पर विचार करें। इस साल फरवरी में पेश की गई स्थायी समिति की रिपोर्ट में कहा गया है, 'मनरेगा योजना की घोषणा के प्रमुख पहलुओं में से एक ग्रामीण जनता को 100 दिनों के काम की गारंटी थी, जो स्वेच्छा से मनरेगा के तहत काम करती है। इस कल्याणकारी योजना की परिकल्पना न केवल उन लोगों के लिए रोजगार का विकल्प प्रदान करने के लिए की गई थी, जिनके पास कोई अन्य उपाय नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य जनशक्ति का उपयोग करके टिकाऊ संपत्ति का सृजन भी था। हालांकि संतुलन का पूरा आधार, जिस पर यह योजना टिकी हुई थी, मनरेगा अधिनियम, 2005 के माध्यम से समय पर मजदूरी का भुगतान करना था, जिसमें मस्टर रोल बंद होने की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान किया जाना है।'

कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में ध्यान दिलाया कि इसके बजाय 'मनरेगा के लाभार्थियों को मजदूरी के भुगतान में अत्यधिक देरी की गई। मजदूरी के भुगतान में देरी के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन कोई भी कारण अधिनियम के वैधानिक प्रावधान के इस घोर उल्लंघन को सही ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है। इस कानून के लाभार्थी आमतौर पर समाज के गरीब और हाशिये पर रहने वाले वर्ग से हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद मनरेगा के माध्यम से मिलने वाली सहायता पर टिकी है।'

मनरेगा योजना के आलोचक अक्सर तर्क देते हैं कि इस योजना के तहत किए गए काम से ठोस संपत्ति का निर्माण नहीं होता है। लेकिन स्थायी समिति की रिपोर्ट बताती है कि इसका अंतर्निहित कारण यह है कि संपत्ति के स्थायित्व और ढीले रख–रखाव पर कम जोर दिया जाता है। रिपोर्ट कहती है, 'इस योजना का उद्देश्य न केवल ग्रामीण जनता को मजदूरी की गारंटी प्रदान करना था, बल्कि तालाबों, ग्राम पंचायत भवनों, सड़कों आदि जैसी टिकाऊ परिसंपत्तियों के माध्यम से बुनियादी ढांचे का निर्माण करना भी था। इसलिए जब तक मनरेगा के तहत सृजित परिसंपत्ति की गुणवत्ता को बनाए नहीं रखा जाता है, तब तक योजना का उद्देश्य सफल नहीं होगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि मनरेगा के तहत परिसंपत्ति का स्थायित्व बनाए रखा जाए। इसलिए समिति योजना के उद्देश्यों की बेहतर प्राप्ति के लिए मनरेगा निधियों के माध्यम से सृजित अवसंरचना या अन्य परिसंपत्तियों की गुणवत्ता और रख–रखाव का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग से जोरदार सिफारिश करती है।'

स्थायी समिति ने मनरेगा में कुल सुधार के लिए जो सिफारिशें की थीं, उसी का परिणाम है कि हाल में सरकार ने इस पैनल की स्थापना की है। ग्रामीण विकास पर स्थायी समिति ने यह भी सुझाव दिया है कि योजना के तहत गारंटीकृत कार्य दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 कर दी जाए, इसकी मजदूरी को बढ़ाया जाए, और सभी जॉब कार्ड धारकों को मुफ्त बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं दी जाएं।

कई विश्लेषकों ने बताया है कि मनरेगा के लिए अपर्याप्त बजट आवंटन ने इसकी बहुस्तरीय चुनौतियों को बढ़ा दिया है। नागरिक समाज के कार्यकर्ताओं का कहना है कि मनरेगा का बजट अपर्याप्त होने के कारण प्रशासन कृत्रिम रूप से मांग को दबा देता है, जिससे कई ग्रामीण रोजगार से वंचित हो जाते हैं। यकीनन मनरेगा अकेले भारत के रोजगार संकट को दूर नहीं कर सकता है। मनरेगा का प्राथमिक उद्देश्य सड़कों और नहरों जैसी टिकाऊ संपत्ति बनाने के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा में सुधार करना था। यह दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों में से एक है, जो हमारे देश की 15 प्रतिशत से अधिक आबादी के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसने कोविड–19 महामारी के दौरान लाखों लोगों को आजीविका की सुरक्षा प्रदान की। यही वजह है कि इस कार्यक्रम को बेहतर ढंग से काम करना चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि अमरजीत सिन्हा की अध्यक्षता वाले पैनल के निष्कर्षों को केंद्र और राज्यों द्वारा गंभीरता से लिया जाएगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## 24 घंटे में शीत लहर से राहत के आसार ठंड अभी करती रहेगी परेशान –मौसम विभाग

लखनऊ ब्यूरो : दिसंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू हुई गलन, कोहरा और शीत लहर से जूझ रहे प्रदेश के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग ने 24 घंटे के भीतर शीत लहर से राहत के आसार जताए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि धीरे–धीरे पारा बढ़ेगा, लेकिन बीच–बीच में ठंड परेशान करती रहेगी। वहीं सोमवार को भी प्रदेश के कई इलाकों में धूप भी निकली, अधिकांश जगह पारा भी बढ़ा। इस बीच कुशीनगर में दिन और रात के तापमान में महज 1.3 डिग्री का अंतर रहा। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम पारा 7.3 डिग्री दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, एक के पीछे एक दो–तीन पश्चिमी विक्षोभ आ रहे हैं, जो मौसम में बदलाव का कारण बनेंगे। मौसम का सामान्य से विचलन कम होना शुरू होगा, जिससे क्रमिक राहत मिलने लगेगी। मंगलवार सुबह तक इन इलाकों में सितम ढा सकता है मौसम सोमवार की दोपहर में मौसम विभाग ने 19 जिलों में रेड अलर्ट जारी करते हुए मंगलवार की सुबह तक विशेष सावधानी बरतने की चेतावनी जारी की। ये 19 जिले–मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, अमरोहा, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, महाराजगंज, संत कबीर नगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया। शेष अन्य जिलों में अभी कोहरे और गलन को लेकर येलो व ऑरेन्ज अलर्ट बरकरार है। कुशीनगरः मिट गया दिन–रात के पारे का अंतर रेड अलर्ट वाले जिलों में कुशीनगर भी शामिल है। यहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रहा, जबकि अधिकतम तापमान 7.3 डिग्री दर्ज किया गया। इटावा 3 डिग्री पर कांपा, अयोध्या, कानपुर में 4 डिग्री रहा पारा सोमवार को कई जिलों में न्यूनतम तापमान 3 से 6 डिग्री के बीच रहा। इनमें इटावा 3 डिग्री पर कांपा। जबकि अयोध्या, कानपुर, मुजफ्फरनगर में पारा 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गोरखपुर, बरेली, फुर्सतगंज में अधिकतम पारा 12.8 डिग्री रहा मेरठ में 15 डिग्री, वाराणसी–गोरखपुर, गाजियाबाद में 14.1 डिग्री रहा अधिकतम पारा। झांसी में 26 डिग्री तक पहुंच गया था दिन का पारा। कोहरे के चलते फ्लाइटें डायवर्ट, सात घंटे तक उड़ानें लेट, ट्रेनों की लेटलतीफी नहीं थम रही कोहरे के चलते दृश्यता कम होने पर अमौसी के साथ प्रयागराज व वाराणसी एयरपोर्ट की फ्लाइटों को डायवर्ट किया गया। वाराणसी की एक व प्रयागराज की उड़ानें लखनऊ डायवर्ट की गईं। वहीं लखनऊ से तीन उड़ानों को निरस्त करना पड़ा। ट्रेनें भी घंटों देरी से स्टेशनों पर पहुंची, जिससे यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। दरअसल, चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बेंगलुरु से प्रयागराज की ओर जा रही इंडिगो एयरलाइन की उड़ान को डायवर्ट कर सोमवार को लाया गया। यह फ्लाइट दोपहर 3.08 बजे लखनऊ



पहुंची। जिसके बाद इसे शाम को सवा चार बजे लखनऊ से प्रयागराज के लिए रवाना कर दिया गया। ऐसे ही इंडिगो की ही मुंबई से प्रयागराज जा रही उड़ान 6ई 6937 को प्रयागराज में मौसम खराब होने केकारण लखनऊ डायवर्ट किया गया। बेंगलुरु से वाराणसी जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई 897 भी लखनऊ डायवर्ट कर दी गई। इसी क्रम में दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई2376 निरस्त कर दी गई। जबकि लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई–5072 तथा लखनऊ से रियाद जाने वाली फ्लाइनस की उड़ान एक्सवाइ–334 अचानक निरस्त कर दी गई। इसके अलावा कई उड़ानें घंटों की देरी से पहुंची। जेद्दा से लखनऊ आने वाली फ्लाइट एसवी–890 सोमवार को पौने सात घंटे की देरी से पहुंची। ऐसे ही इंडिगो की इंदौर से लखनऊ आने वाली फ्लाइट 6ई–7127 सवा पांच घंटे देरी से अमौसी पहुंची। दिल्ली से अमौसी आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई–2427 करीब पांच घंटे देरी से लैंड हो सकी। चौन्नई से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई–515 तीन घंटे से ज्यादा लेट रही। गोएयर की लखनऊ से बेंगलुरु जाने वाली उड़ान जी8–806 साढेध् तीन घंटे की शिकार हुई। गोएयर की ही बेंगलुरु से लखनऊ आने वाली जी8–808 तीन घंटे के आसपास लेट पहुंची। लखनऊ से मुम्बई जाने वाली गोएयर की जी8–396 तीन घंटे पंद्रह मिनट लेट पहुंची। वहीं मुम्बई से लखनऊ आने वाली गोएयर की जी8–397 तीन घंटे देरी से लैंड हुई। ऐसे ही इंडिगो की लखनऊ से चौन्नई जाने वाली 6ई–518 सवा दो घंटे, लखनऊ से पटना जाने वाली इंडिगो की 6ई–6902 दो घंटे, पटना से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई–925 दो घंटे, लखनऊ से मस्कट जाने वाली ओवी–798 दो घंटे, इंडिगो की लखनऊ से गुवाहाटी जाने वाली 6ई–146 डेढ़ घंटे, इंडिगो की दिल्ली से लखनऊ आने वाली 6ई–2251 सत्तर मिनट, 6ई2107 दिल्ली लखनऊ फ्लाइट 74 मिनट, इंडिगो की 6ई–6552 गुवाहाटी से लखनऊ की उड़ान 80 मिनट, पुणे से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई–338 बीस मिनट, 6ई–6232 दिल्ली लखनऊ फ्लाइट आधे घंटे, इंडिगो की 6ई–146 चंडीगढ़ लखनऊ डेढ़ घंटे तथा इंडिगो की बेंगलुरु से लखनऊ आने वाली 6ई–6353 आधे घंटे देरी की शिकार हुई। ट्रेनों की लेटलतीफी नहीं थम रही सोमवार को गाड़ी संख्या बेगमपुरा एक्सप्रेस ग्यारह घंटे की देरी से पहुंची। ऐसे ही सरयू यमुना एक्सप्रेस सवा छह घंटे, लोकनायक एक्सप्रेस 8.30 घंटे, हमसफर एक्सप्रेस पौने सात घंटे, अरुणाचल एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, गोरखधाम एक्सप्रेस 10.30 घंटे, नौचंदी एक्सप्रेस पांच घंटे, भोपाल प्रतापगढ़ एक्सप्रेस चार घंटे, पाटलिपुत्र चंडीगढ़ सुपरफास्ट पौने छह घंटे, कोटा पटना एक्सप्रेस 10 घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस नौ घंटे, फरक्का एक्सप्रेस सवा चार घंटे, चंडीगढ़ लखनऊ सुपरफास्ट ढाई घंटे, अर्चना एक्सप्रेस नौ घंटे, पंजाब मेल तीन घंटे, हिमगिरी एक्सप्रेस छह घंटे, जम्मूतवी कोलकाता एक्सप्रेस पांच घंटे, अवध आसाम एक्सप्रेस चार घंटे, फरक्का एक्सप्रेस 3.30 घंटे लेट रही।

## भाजपा की सरकार पिछड़े वर्ग के साथ साथ सभी वर्गों के हित संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है –सौरभ मिश्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने कहा की भाजपा राजनीतिक सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ गए लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु साधन के रूप में देखती है। उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में किये गए निर्णय का भाजपा द्वारा स्वागत करते हुए कहा कि माननीय न्यायालय के निर्णय से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया है। उन्होंने कहा भाजपा और भाजपा सरकार पिछडेध् वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गो के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।अपने शासनकाल में सपा–बसपा कांग्रेस ने पिछडेध् ,दलितों ,शोषित ,पीड़ित वंचितों का वोट तो लिया लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया बल्कि सपा–बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर इनको छलने का काम किया है। कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ सैफई कुनबे तथा कुछ लोगो तक सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा है। लेकिन वे अपने षड़यंत्र में सफल नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट का विरोध सपा के पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होने निकाय चुनावों को लेकर सपा की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अखिलेश यादव के बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और तेजस्वी यादव से रिश्ते किसी से छुपे नहीं है। बिहार सरकार



ने पिछडेध् वर्ग के हितो की अनदेखी करते हुए निकाय चुनाव बिना आरक्षण के करा दिये। तब खुद को राष्ट्रीय पार्टी का मुखिया कहने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुप क्यों थे ? कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास की नीति है। जबकि अखिलेश यादव की नीति अपने परिवार और अपने रिश्तेदारों के विकास तक सीमित है। उन्होंने कहा कि सपा–बसपा तथा कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल झूठ, भ्रम व फरेब की अपनी परम्परागत राजनीति से सत्ता प्राप्त करने के मंसूबे पाले हुए हैं। लेकिन जनता इनकी हकीकत जान चुकी है। उत्तर प्रदेश न भूला है, ना भूलेगा। अखिलेश यादव सरकार में पिछड़ों व अनुसूचित वर्ग का दमन तथा परिवारवाद, जातिवाद व तुष्टीकरण की घिनौनी राजनीति का सच। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के हितों की रक्षा के संकल्प को पूरा किया है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए भी आरक्षण को सुनिश्चित किया। इसका ही परिणाम है कि समाज में यह भाव जागृत हुआ है कि अत्यंत गरीब पृष्ठभूमि से आने वाला व्यक्ति भी सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियों से उत्पन्न चुनौतियों से पार पाकर भारत का प्रधानमंत्री बन सकता है और देश को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकता है।

## होटल सीलः मकान का मानचित्र पास कराया और बना लिया होटल : यहीं पार्टी कर रहे थे मेजर की कार जलाने वाले दबंग

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर के विशालखंड में एलडीए ने मंगलवार को जिस होटल मिलानो एवं कैफे को सील किया उसका मानचित्र मकान का पास कराया गया था। मकान के मानचित्र पर होटल को बना लिया। एलडीए ने होटल को सील करने के बाद प्रबंधक को नोटिस जारी कर 12 जनवरी को जवाब तलब किया है। इसी होटल में रविवार देर रात डीजे बजने का विरोध करने पर दबंगों ने मेजर की कार को जला दिया था। जोनल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि विशालखंड में भूखंड संख्या 2/91 के 200 वर्ग मीटर पर यह व्यावसायिक परिसर दो मंजिल का है, और तीसरे मंजिल पर टीन शेड डाला गया है। सीलिंग के दौरान जिम्मेदार नहीं मिले, जिसके कारण प्रबंधक के नाम से नोटिस होटल में देकर सूचना को चस्पा कर दिया गया है। 12 जनवरी को सुनवाई में कोई नहीं आएगा तो होटल को गिराने का आदेश जारी कर दिया जाएगा। होटल को सील करने के बाद कोई मानचित्र पेश नहीं किया जा सका। जोनल अधिकारी ने बताया कि इस होटल में बज रहे डीजे का मेजर ने विरोध किया



था तो उसकी कार को फूंक दिया गया था। कमिश्नरेट पुलिस ने बीते सोमवार को होटल की जांच कर अवैध होने पर सील करने के लिए एलडीए को पत्र भेजा था। गोमतीनगर में ऐसे 75 होटल होटल एसोसिएशन पदाधिकारियों का कहना कि गोमतीनगर में ऐसे 75 होटल है, जो घरों में चल रहे हैं। ऐसे होटलों पर नाम के बोर्ड नहीं लगे जिसमें ऑनलाइन कमरे बुक होते। ऐसे होटलों की जानकारी एलडीए के इलाकाई इंजीनियरों को भी है। मगर कार्रवाई करना तो दूर नये होटल चलाए जा रहे हैं।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल : जिला अस्पताल रेफर

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : पाली नकटौरा मार्ग पर कस्बे के मोहल्ला भगवंतपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र जगदीश किसी काम से घर से कहीं बाहर जा रहे युवक की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल युवक को पाली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाकर भर्ती कराया गया।जहाँ से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के भगवंतपुर निवासी 45 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र जगदीश अपने घर से कहीं बाहर जा रहा था रास्ते में पाली नकटौरा मार्ग पर सहजनपुर के पास तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन ने अशोक कुमार को टक्कर मार दी।जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको सड़क से गुजर रहे लोगों ने निजी वाहन से पाली पीएचसी पहुँचाया। जहाँ



पर मौजूद फार्मासिस्ट संदीप विश्वकर्मा ने युवक की गंभीर हालत को देखकर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल लेकर पहुंचे लोगों ने बताया कि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

## बेसिक शिक्षा बोर्ड के नियमों के आधार पर ही काम करे मदरसा बोर्ड –अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह

लखनऊ ब्यूरो : अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा के नियमों के आधार पर ही मदरसा शिक्षा बोर्ड भी कार्य करें। इसमें मदरसा के विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि हो। वह विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। मदरसा शिक्षा के उन्नयन के संबंध में आयोजित बैठक में मंत्री ने कहा कि बोर्ड द्वारा पाठ्यक्रम, समयसारिणी निर्धारण, अवकाश, परीक्षा प्रक्रिया आदि कार्य नियमानुसार और सुनियोजित रूप से कराए जाएं। पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया जाए। जिससे उनके साथ ही अन्य बच्चों का मनोबल बढ़े। उनमें एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण व वक्फ राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद, अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग, निदेशक जे. रीभा और रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह भी उपस्थित थे। प्रस्तुतीकरण भी देखा बैठक में मंत्री ने हाई फ्रीक्वेंसी स्ट्रक्चर तकनीक पर काम करने



वाले एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने विद्यार्थियों को कौशल विकास व रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ने के एक प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण भी देखा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर गहनता से विचार किया जाएगा।

## 43 ग्राव का राजस्व परिषद ने डीनोटिफिकेशन किया जारी : सर्वे से भेजा तहसीलों में

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : चकबंदीसुदा 43 ग्राम सभा जो सहायक अभिलेख अधिकारी गोरखपुर कार्यालय सर्वे में थे उन ग्राम सभाओं को राजस्व परिषद ने अपने आदेश 29 जनवरी 2001 को डीनोटिफिकेशन 18 नवंबर 2022 को अपने पत्र संख्या 744 ६ एक 14 22 चकबंदीसुदा 43 ग्राम के सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रियाएं बंद कर सभी प्रपत्र खसरा खतौनी को तहसीलों में जमा करने के निर्देश जारी किए गए हैं अब इन ग्राम सभाओं के काश्तकार अपने तहसीलों से ही खसरा खतौनी प्राप्त करेंगे जब उनको जरूरत होगा अपने आवश्यकता अनुसार सदर तहसील में जंगल महताब राय, कुई, मीरपुर, मटियारी, सुगाटारी, लालपुर टिकर ,भौरामल, बेतउवा उर्फ चुनऊ ,पिपरी, चेरिया, पोतहरा, डोमनी ,आबूराम, चौरीचौरा तहसील में सेमरोना, बोठा, खरखुटा, सैमरोनी, चितहरी, सरार मझगावा सिहोरवा कैंपियरगंज तहसील मे जसवल गोला तहसील में सेमराखुर्द, नहरपर, मझवलिया, कटधरा, छपरा, खुटभार मुस्त ,पौहरिया, पटना एहत, सरयाखास, कोहड़ाभावर, गहिराधाट, नरही, मोहन पोहरिया, बैरियाडीह एहत बांसगांव तहसील में ताल बिजहा, गरयाकोल, गडही एहत, राऊवतपार ,सरार मझगावा, तालदेवेंद्रा,बेलकुर, गंगाचक, जगदीशपुर को डीनोटिफिकेशन कर दिया गया है इन समस्त ग्राम सभाओं के अभिलेख तहसील अभिलेखागार राजस्व अभिलेखागार में जमा कर दिए जाएंगे अब इन सभी ग्राम सभाओं के खसरा खतौनी तहसील से प्राप्त किए जाएंगे जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है दो हफ्ते के अंदर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए सभी परपत्रों को तहसीलों में जमा कर दिया जाएगा सहायक अभिलेख अधिकारी एआरओ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सहायक अभिलेख कार्यालय में सम्मिलित रहे 93 गांव में से 43 गांव को राजस्व परिषद ने डीनोटिफिकेशन जारी कर दिया है इन उपरोक्त गांव को तहसीलों में सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए जल्द भेज दी जाएंगी अब इन ग्राम सभाओं के ग्रामवासी अपने–अपने खसरा खतौनी को अगर कभी जरूरत पड़ती है तो तहसीलों से ही प्राप्त कर सकेंगे। जो सर्वे न्यायालय में उपरोक्त गांव के मुकदमे चल रहे हैं तहसीलों में खसरा खतौनी जमा होने के बाद इन गांव के मुकदमे तहसीलों में हस्तांतरित कर दिए जाएंगे।

# थाना बदलापुर पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरार शातिर वांछित लुटेरे प्रिंस यादव को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय कुमार साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण , श्री शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव श्रीमान् क्षेत्राधिकारी बदलापुर ,श्री शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में प्र0नि0 थाना बदलापुर के नेतृत्व में शातिर वांछित लुटेरा जो दिनांक 08/09.01.2023 को पुलिस मुठभेड मे शामिल अभियुक्त अंधेरे का लाभ पाकर भाग गया था, बदलापुर पुलिस द्वारा लगातार संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग व दबिश के दौरान मुखबीर की सूचना से थाना बदलापुर क्षेत्र अंतगर्त बदह ग्राम चंदापुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. प्रिंस यादव उर्फ गोलू पुत्र अमरनाथ यादव नि0 ग्राम तियरा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1–मु0अ0सं0–377/22 धारा



323/504/506 थाना बक्सा, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–004/23 धारा 392/411 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–005/23 धारा 307/411 भादवि व धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना बदलापुर, जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम दृ 1–उ0नि0 मो0 सैफ थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2–हे0का0 प्रसिद्ध नारायण सिंह थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3–का0 विपिन यादव थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।

# राजेश श्रीवास्तव 'बच्चा भैया– को कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने पर कायस्थ समाज ने किया जोरदार स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संगत पंगत के प्रदेश सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट जी के राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा भारत बनने पर आज कायस्थ समाज जौनपुर के लोगो ने मंगलम लान मियांपुर में राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट के राष्ट्रीय महासचिव का माल्यापर्ण कर जोरदार स्वागत किया गया व लोगो ने स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव भाजपा नेता ने कहा कि बच्चा भइया हमेशा समाज की सेवा में तत्पर रहते हैं और लोगो को जोड़ने का काम करते है। कायस्थ कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव डी ओ ने कहा कि बच्चा भइया के राष्ट्रीय महासचिव बनने से जौनपुर जनपद गौरवान्वित हुआ है। कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि संगठन से लोगो को जोड़ने का गुड़ और संगठन मजबूत करने का गुड बच्चा भइया बखूबी जानते है। कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया के मंनोनित होने से कायस्थ महासभा पूरे देश में और मजबूत होगी। संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि बच्चा भइया के राष्ट्रीय महासचिव बनने से संगत पंगत का भी सम्मान बढ़ा है। कायस्थ महासभा के प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने कहा कि बच्चा भइया हमेशा लोगो के सुखदुःख में खड़े रहते हैं भगवान चित्रगुप्त इन्हें और उचाई प्रदान करे। हम सब इनके साथ है।सभी को साथ लेकर आप चलते है। ये गर्व की बात है।



कायस्थ एकता मंच के जिलाध्यक्ष दयाशंकर निगम ने कहा कि समाजहित में कार्य करने का अर्थ तब पूरा होता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को समाज से जोड़ा जाए। ने कहा कि हम सब बच्चा भइया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे स्वागत समारोह को कायस्थ कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव, कायस्थ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संपूर्णानंद अस्थाना ,ग्रामीण पत्रकार असोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना पत्रकार कलेक्ट्रट कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष शिव मोहन श्रीवास्तव नबाब, कलेक्ट्रट महामंत्री राजीव श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष श्याम रतन श्रीवास्तव, रोशन श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव,राकेश श्रीवास्तव शशि श्रीवास्तव गुड्डू एडवोकेट, महामंत्री विपनेश श्रीवास्तव चंद्रमोहन श्रीवास्तव अरुण सिन्हा उपाध्यक्ष पवन कुमार उमेश श्रीवास्तव संतोष निगम आदि ने संबोधित किया। बच्चा भइया के कायस्थ महासभा का राष्ट्रीय महासचिव बनने पर शरद श्रीवास्तव अंकित श्रीवास्तव पत्रकार अजय वर्मा अज्जू सुलभ श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव पत्रकार राकेश श्रीवास्तव शुभम श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव सुधीर श्रीवास्तव अश्विनी श्रीवास्तव अनुपम श्रीवास्तव अमन श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव हरिश्चंद्र श्रीवास्तव डॉ संजय श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव प्रवीण श्रीवास्तव धीरज श्रीवास्तव डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव खुशबू श्रीवास्तव प्रियंका श्रीवास्तव ज्योति श्रीवास्तव इंदु श्रीवास्तव संगीता श्रीवास्तव आदि सैकड़ों चित्रांश बंधु मौजूद रहे।

# घर–घर जाकर कर रहे पहचान : चेहरे पर ला रहे मुस्कान

ब्यूरो गोरखपुर : जन्मजात विकृति और दिव्यांगता बच्चों को पूरे जीवन भर का दर्द देती है। उस पर अगर परिजन आर्थिक रूप से कमजोर हैं तो उन्हें बच्चों की दिव्यांगता ऐसे चुभती है, जैसे मानों उन्होंने कोई पाप कर दिया हो। ऐसे परिवारों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके योजना) मरहम साबित हो रहा है। इस योजना का लाभ पाकर ऐसे परिवारों के चेहरे पर मुस्कान बिखर रही है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि कई बच्चों को जन्मजात बीमारियां होती हैं। इस योजना के तहत ऐसी 90 फीसदी बीमारियों का इलाज होता है। यह खर्च 30 हजार से लेकर छह लाख तक होता है। इसके लिए आरबीएसके की मोबाइल टीम 19 ब्लॉक में शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर पीड़ित बच्चों को खोजती है। परिवार से उनकी आर्थिक स्थिति पता कर इलाज के लिए सलाह देती है। योजना के तहत बीआरडी मेडिकल कॉलेज से लेकर, निजी अस्पताल, केजीएमयू, एसजीपीजीआई, एम्स जैसे सरकारी और बड़े संस्थानों में ऐसे बच्चों का निशुल्क इलाज कराया जाता है। 4.45 लाख बच्चों की हुई जांच, 165 का हुआ इलाज सीएमओ ने बताया कि 38 मोबाइल टीम स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में करीब 4.45 लाख बच्चों की जांच अप्रैल 2022 से दिसंबर 2022 तक की है। इस अवधि में 92 बच्चों के हृदय में छेद, क्लब फुट, क्लब पैलेट आदि की सर्जरी कराई गई। जन्मजात दोषों से युक्त 73 बच्चों का इलाज कराया गया। कार्यक्रम में 44 प्रकार की बीमारियों को चिह्नित कर इलाज करवाने का नियम है। इनमें न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, कॉक्लियर इम्प्लांट, फिस्टूला सर्जरी, क्लब फुट, क्लब पैलेट, कुपोषण, दिल में छेद, न्यूरो मोटर इंपियरमेंट, न्यूरो मोटर डिले, हार्मोनल डिसऑर्डर, आई करेक्टिव सर्जरी, विटामिन–डी, रिकेट्स, सैम, टंग आई जैसी बीमारियों का इलाज होता है। शून्य से 19 वर्ष



तक के बच्चों का इलाज कार्यक्रम के तहत होता है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने कहा कि गोरखपुर जिले के सभी 19 ब्लॉकों में 38 आरबीएसके टीम प्रतिदिन स्कूल या आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा करती है। अगर किसी का नवजात जन्मजात गूंगेपन और बहरेपन की समस्या से ग्रसित है तो आशा कार्यकर्ता, स्कूल के शिक्षक या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से टीम से संपर्क कर लें। ऐसे बच्चों को निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। केस– एक भटहट ब्लॉक क्षेत्र के रहने वाले राजेश गुप्ता (38) की बड़ी बेटी जन्मजात न तो सुन सकती थी और न ही वह बोल सकती थी। कई निजी चिकित्सकों को दिखाया, लेकिन हर जगह से सिर्फ लाखों रुपये के काक्लियर इम्प्लांट की सलाह दी गई। बेटी पांच साल की हो गई तो उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में दिखाया। वहां से सलाह मिली कि बच्ची की स्पीच थेरेपी कराएं और उसे डिजीटल हियरिंग मशीन दिलवा दें। आरबीएसके योजना के तहत महंगा डिजीटल हियरिंग मशीन का इंतजाम कर उपलब्ध कराया गया है। केस–दो पिपरौली ब्लॉक के नौसढ़ निवासी अली असगर (42) का बड़ा बेटा अलकमा आठ माह का हुआ, लेकिन बुलाने पर कोई रिस्पांस नहीं देता था। कई चिकित्सकों को दिखाया, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। बेटा पांच साल का हो गया। इस बीच बिटिया अनाया ने भी जन्म लिया। अनाया भी बड़ी हुई तो बेटे वाली ही दिक्कत सामने आई। आरबीएसके योजना के तहत दोनों बच्चों को काक्लियर इम्प्लांट मिला। अब दोनों बच्चे बोलने लगे हैं। इस योजना के तहत पांच साल के अंदर बच्चों को यह प्लांट उपलब्ध कराया जाता है, जो बाजार में काफी महंगा है।

# थाना बक्सा जौनपुर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त वारण्टी को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार साहनी जौनपुर के कुशल निर्देशन मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के नेतृत्व में चलाये जा रहे वारण्टी/वाँछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 जितेन्द्र कुमार सिंह मय हमराहीगण न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0 न्यू कोर्ट द्वितीय जौनपुर के विरुद्ध मु0न0 221/21 धारा 138 एनआईएक्ट तारीख पेशी 27/01/2023 द्वारा जारी एन0बी0डब्ल्यू0 के वारण्टी अली आला खान पुत्र मुश्ताक ग्राम दक्षिणपट्टी थाना बक्शा जौनपुर उम्र करीब 48 वर्ष को उसके घर ग्राम दक्षिण से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है । गिरफ्तार वारण्टी/अभियुक्त 1.अली आला खान पुत्र मुश्ताक ग्राम दक्षिणपट्टी थाना बक्शा जौनपुर उम्र करीब 48 वर्ष गिरफ्तार करने वाली टीम– 1.थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2.उ0नि0 जितेन्द्र कुमार सिंह मय हमराहीगण थाना बक्सा,जौनपुर।

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ की बैठक संपंन : 29 को संघ का मनाया जायेगा स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ की एक आवश्यक बैठक कार्यालय शारदा टॉवर पर सोमवार को अध्यक्ष आईबी सिंह की अध्यक्षता में संपंन हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 29




जनवरी को संघ का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। साथ ही नये सदस्यों को सदस्यता दिलाने पर भी विचार किया गया। इस मौके पर जावेद अहमद, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, कुंवर दीपक सिंह, हसनैन कमर दीपू, राजन मिश्रा, अजीत सिंह, विद्याधर राय विद्यार्थी, राज सैनी, मसूद अहमद, कुंवर नीतीश, आमिर अब्बास, मोहम्मद उसमान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अबुल खैर को संघ की सदस्यता ग्रहण कराई गई। संचालन महामंत्री राजेश श्रीवास्तव ने किया।

# यूपी से हर सप्ताह 10 टन हरी सब्जियां भेजी जाएंगी दुबई : पहली खेप रवाना

लखनऊ ब्यूरो : यूपी से हरी सब्जियों की पहली खेप दुबई के लिए मंगलवार को रवाना हो गई। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि अब दुबई के लिए लगातार उत्तर प्रदेश से हरी सब्जियां भेजी जाएंगी। मंगलवार को तीन टन भिंडी, एक टन गाजर और 800 किलो मटर की खेती एयर इंडिया की फ्लाइट से भेजी गई। विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में कृषि मंत्री ने बताया कि अब प्रति सप्ताह 10 टन हरी सब्जियां दुबई निर्यात



करने की व्यवस्था की जा रही। है । सीतापुर के निर्यातक इसे भेज रहे हैं। इससे पहले 2021 में भी सब्जियों का निर्यात हुआ था तो इस वर्ष अभी तक 112 करोड़ रुपए की सब्जियां बाहर भेजी जा चुकी हैं। साथ ही उन्होंने किसानों को अब फसलों में लगने वाले कीटों से बचाव की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा इस समय की फसल बहुत अच्छी है लेकिन सरसों की फसल पर माहू और आलू की फसल पर पाले वाका प्रकोप हो सकता है। इसलिए किसान पहले ही इसका बचाव करें साथ ही एक वेबसाइट तैयार की जा रही है जिस पर किसान अपनी अच्छी फसल के साथ अपनी फोटो भी डाल सकते हैं। यह बता सकते हैं कि उन्होंने किस पद्धति का प्रयोग कर अपनी फसल को बेहतर बनाया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कृषि विपणन एवं निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

# तीन आरोपियों ने पूर्व सांसद अतीक अहमद पर दर्ज कराया है मुकदमा

प्रयागराज ब्यूरो : धूमनगंज में आठ लोगों पर हत्या के प्रयास, रंगदारी मांगने समेत अन्य आरोपों में दर्ज मामले में अहम बात सामने आई है। पता चला है कि इनमें तीन नामजद आरोपी वह हैं जो माफिया अतीक अहमद पर पूर्व में मुकदमा दर्ज करा चुके हैं। यह महज संयोग है या कुछ और, फिलहाल यह राज विवेचना में खुलेगा। धूमनगंज में दो दिसंबर को राजरूपपुर निवासी अधेड़ ने मुकदमा लिखाया है। आरोप है कि घर में घुसकर उससे 20 लाख की रंगदारी मांगी गई। साथ ही नाबालिग से छेड़छाड़ भी की गई। उसने यह भी बताया कि आरोपी खुद को अतीक अहमद का आदमी बता रहे थे। आरोपियों में अतीक का रिश्तेदार इमरान व उसका भाई जीशान, समीर, शनि, सनकी, मो. मेराज, आलम व मकसूद शामिल हैं। यह बात सामने आई है कि इनमें से तीन आरोपी ऐसे हैं, जो पूर्व में अतीक अहमद या उसके गुर्गों पर एफआईआर दर्ज करा चुके हैं। इनमें जीशान, मकसदू व आलम शामिल हैं। जीशान ने पिछले साल करेली व इसी साल अगस्त में पूरामुफ्ती में अतीक समेत अन्य जबकि चकिया निवासी मकसूद ने अतीक के खास गुर्गे असाद, आरिफ उर्फ खचौली, नामी व फैजान पर धूमनगंज थाने में केस दर्ज कराया था। अब यह महज संयोग है या कुछ और, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने नकारे आरोप, कहा नहीं मिली शिकायत इस मामले में वादी की ओर से लगाए गए कार्रवाई न करने के आरोप को फिलहाल पुलिस की ओर से गलत बताया गया है। गौरतलब है कि वादी ने तहरीर में आरोप लगाया है कि 31 अक्तूबर को घटना के अगले ही दिन उसने थाने में लिखित तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप यह भी है कि अफसरों को भी कई प्रार्थनापत्र दिए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। धूमनगंज इंस्पेक्टर राजेश मौर्य का कहना है कि उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली। उधर एसीपी धूमनगंज एनएन सिंह का भी कहना है कि उनके पास कोई शिकायत नहीं आई।

# बिकरू कांड : खुशी दुबे की जमानतें दाखिल : सत्यापन के बाद माती जेल से होगी रिहाई

कानपुर ब्यूरो : बिकरू कांड के बाद पुलिस ने मुठभेड़ में मारे गए अमर दुबे की पत्नी खुशी दुबे को मुख्य मामले के साथ ही दूसरे की आईडी से सिम कार्ड उपयोग करने में भी आरोपी बनाया गया था। सिम मामले में खुशी को पहले ही अदालत से जमानत मिल चुकी है। मुख्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी है। इस पर बचाव पक्ष की ओर से दोनों मामलों में अदालत में जमानत दाखिल की गई। अदालत ने इनके सत्यापन के आदेश दिए हैं। सत्यापन के बाद ही खुशी की रिहाई के आदेश दिए जाएंगे। बिकरू कांड के बाद पुलिस ने अमर दुबे की पत्नी खुशी दुबे को मुख्य मामले के साथ दूसरे की आईडी से सिम कार्ड उपयोग करने के मामले में आरोपी बनाकर जेल भेजा था। मामले में बचाव पक्ष ने अदालत में आरोपी खुशी के घटना के समय नाबालिग होने का तथ्य दिया था। इस पर सिम कार्ड मामले की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में चल रही है, जबकि मुख्य मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–13 पॉक्सो शैलेंद्र कुमार वर्मा की अदालत में चल रही है। खुशी को किशोर न्याय बोर्ड से पहले ही जमानत मिल गई थी। मुख्य मामले में निचली अदालत के साथ ही हाईकोर्ट से खुशी की जमानत अर्जी खारिज हो गई थी। इसके बाद खुशी के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी थी।



मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों खुशी की जमानत मंजूर की ली थी। इसके बाद बचाव पक्ष ने आदेश की प्रति अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–13 पॉक्सो की अदालत में पेश की थी। इस पर अदालत ने ने डेढ़–डेढ़ लाख की दो जमानत दाखिल करने के आदेश दिए थे। अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि अदालत के आदेश के अनुपालन में सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–13 शैलेंद्र कुमार वर्मा की अदालत के साथ ही किशोर न्याय बोर्ड में जमानत प्रपत्र दाखिल कर दिए गए हैं। इनके सत्यापन के अदालत ने आदेश दिए हैं। अब जमानतों के सत्यापन रिपोर्ट आने के बाद अदालत खुशी के मोती जेल से रिहाई के आदेश जारी करेगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि, पंचायती राज, नगर विकास, ग्राम विकास, मत्स्य, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण, नियोजन, सिंचाई एवं जल संसाधन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बेसिक शिक्षा, पशुधन, ऊर्जा, लोक निर्माण, नमामि गंगे एवं जल आपूर्ति, खाद्य एवं रसद, समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, वन विभाग, दुग्ध विकास, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, व्यवसायिक शिक्षा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक, सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, श्रम विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लोक शिकायत, खादी एवं ग्रामोद्योग, सहकारिता, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल, भूतत्व एवं खनिज की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिया कि कृषि से सम्बन्धित समस्त योजनाओं को लक्ष्य के सापेक्ष त्वरित गति से पूर्ण कराये। सोलर पम्प लगाने के कार्य में लक्ष्य प्राप्त न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि तेजी से कार्य करते हुए लक्ष्य पूर्ण करे अन्यथा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। एडीपीआरओ को निर्देशित किया कि सामुदायिक शौचालय की साफ–सफाई होने के साथ ही लोगो को जागरुक करे कि इसका प्रयोग करे और मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि पंचायत भवन के कार्यों की गुणवत्ता की जांच जिला स्तरीय अधिकारियों की कमेटी बनाते हुए करायी जाय। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान चेकडैम के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए एक्सईएन सिंचाई को निर्देश दिया कि सभी नहरों में टेल तक पानी पहुचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने शारदा सहायक खण्ड 36 के एक्सईएन मनोज कुमार बैठक में अनुपस्थित होने के कारण एक दिन का वेतन बाधित करने के साथ ही स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिये। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि निवेश मित्र और झटपट पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को समयसीमा के अन्दर निस्तारित करें। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़को की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि शीतलहर समाप्त होते हुए सड़कों की पेटिंग का कार्य शुरु कर दिया जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से निराश्रित गोशाला के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि जिन गौशाला का कार्य पूर्ण हो गया है उसमें पशुओं को रखना सुनिश्चित करे। समस्त खण्ड विकास अधिकारी और ई0ओ0 को निर्देशित किया कि जिन गौ–शाला का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उसकी बाउन्ड्रीवाल के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराये। पशुओं का टीकाकरण, इयर टैगिंग कराने के साथ ही पशुचिकित्सकों को निराश्रित गो–आश्रय स्थलों पर निरीक्षण करने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी संतोष साही को निर्देशित किया कि पशुओं को शीतलहर से बचाव के लिए बोरे की व्यवस्था करायी जाये। बैठक में नगरीय और ग्रामीण स्वच्छता के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए समस्त ई0ओ0 को निर्देशित किया कि डोर–टू–डोर कूडे की



उठान सुनिश्चित कराये। कौशल विकास योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करने के साथ उनको रोजगार दिलाना सुनिश्चित करें और मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण दाताओं के साथ नियमित बैठक करें जिससे उनकी समस्याओं का निदान किया जा सके। समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर सरकारी अवैध जमानों को खाली कराये। जिला प्रोबेशन अधिकारी से कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि अपात्रों की सूची से नाम हटाकर योजना का लाभ पात्र लाभार्थी को दिया जाये और जिला पूर्ति अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अभियान चलाकर कन्या सुमंगला योजना के पात्र लाभार्थी की संख्या बढाई जाये। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन के सन्दर्भ में जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से समन्वय स्थापित करते हुए आधार प्रामाणीकरण त्वरित गति से शासन के मंशा के कराया जाय। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि जितने भी कार्य हैं उनको समय से पूर्ण किया जाए, जो ठेकेदार कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं उन पर विशेष नजर रखी जाए तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। किसी भी कार्य को कराने के लिए स्थल का चयन करते समय विभिन्न घटकों को देख लिया जाए ताकि भविष्य में स्टीमेट को रिवाइज न करना पड़े। जिन स्थानों पर भूमि अधिग्रहण किया जाना है वहां पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से समन्वय स्थापित करते हुए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही समय से पूर्ण कराई जाए। उन्होने सभी प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित किया कि जितने भी आवासीय भवनों का निर्माण किया जा रहा है उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। अधिशासी अभियंता जल निगम नगर को निर्देशित किया गया कि सीवर लाइन डालते समय जिन सड़कों को खोदा गया है, उन्हें तत्काल ठीक कराएं। पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। सभी सेतु पर कार्य प्रारंभ करा दिया जाए। तीन परियोजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुका है उन्हें संबंधित विभाग को हैंडओवर करा दिया जाए और जिन परियोजनाओं पर धनराशि के अभाव में वर्तमान में कार्य बाधित है धनराशि की मांग हेतु शासन में पत्र जिलाधिकारी की तरफ से प्रेषित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शासन के अंतर्गत जितने भी परियोजनाएं हैं उनमे मजदूरों की संख्या बढ़ाकर समय से पूर्ण कराया जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं के गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से कराई जाए तथा प्रत्येक परियोजना के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए ।जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम तथा कार्य करने वाले ठेकेदार एफकान एवं वेलस्पन को निर्देशित किया गया कि शत–प्रतिशत कनेक्शन देकर ग्रामों को संतृप्त कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, जिला विकलांग कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आखिरी बार जिगर के टुकड़े को नहीं देख पाई मां : घर से मात्र एक किमी की दूरी पर मिला था अमन का शव

मुरादाबाद ब्यूरो : मुरादाबाद में 52 वर्षीय नन्ही पिछले छह दिन से अपने लापता बेटे अमन के जिंदा होने की उम्मीद में उसे ढूंढ रही थी। चौकी और थाने में भी उसने बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई लेकिन उसे कहीं से मदद नहीं मिली। सोमवार रात एक व्हाट्सएप ग्रुप पर चल रही लावारिस शव की तस्वीर मोहल्ले के युवकों ने नन्ही और उसके दूसरे बेटे विशाल को दिखाई। तब परिजन फकीरपुरा चौकी पहुंचे। मां ने पुलिस कर्मियों को अपने बेटे की तस्वीरें दिखाई। पुलिस कर्मियों ने बताया कि इस लाश का तो दो दिन पहले ही लावारिस में अंतिम संस्कार किया जा चुका है। मझोला के फकीरपुरा शास्त्री नगर निवासी नन्ही दूसरों के घरों में खाना बनाने का काम करती है। उसका बड़ा बेटा विशाल हल्द्वानी में फास्ट फूड का ठेला लगाता है जबकि दूसरे नंबर का बेटा अमन (19) फैक्टरी में काम करता था। तीसरे नंबर का बेटा सचिन और एक बेटी पढ़ाई कर रहे हैं। नन्ही ने बताया कि दो जनवरी की सुबह साढ़े आठ बजे वह काम पर चली गई थी। उस वक्त अमन घर में सो रहा था। शाम को घर आई तो देखा कि अमन घर में मौजूद नहीं था। उसने अपनी बेटी वैष्णवी से पूछा तो उसने बताया कि अमन मोहल्ले में रहने वाले एक युवक के साथ कहीं गया है। इसके बाद से परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। तीन जनवरी को मझोला थाने में तहरीर देकर उसकी गुमशुदगी भी दर्ज करा दी थी। इसके बाद से परिजन अमन की तलाश में दर दर भटक रहे थे लेकिन पुलिस ने दूसरे थानों में अमन के लापता होने की सूचना तक नहीं भेजी जबकि उसी दिन सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में फकीरपुरा में रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा मिला था। ये दोनों थाने एक ही सर्किल में आते हैं बावजूद इसके पुलिस ने पूरी जिम्मेदारी नहीं निभाई। इसका नतीजा ये रहा है कि परिजन अमन की तलाश में लगे रहे। इसी दौरान उन्हें पता चला कि तीन जनवरी को एक युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास मिला था। परिजन सिविल लाइंस थाने की फकीरपुरा पुलिस चौकी पहुंचे और उन्होंने फोटो देखकर मृतक की पहचान अमन के रूप में की। लेकिन उससे पहले ही पुलिस लावारिस में शव का अंतिम संस्कार करा चुकी थी। घर से मात्र एक किमी की दूरी पर मिला था अमन का शव आपको बता दें कि मुरादाबाद के मझोला के फकीरपुरा शास्त्री नगर निवासी अमन तीन जनवरी को अपने घर से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर सिविल लाइंस क्षेत्र में फकीरपुरा रेलवे हरथला कॉलोनी के सामने रेलवे ट्रैक किनारे मृत मिला था। जबकि परिजन मझोला क्षेत्र में ही उसकी तलाश में जुटे रहे थे। मां अपने कलेजे के टुकड़े के अंतिम दर्शन भी नहीं कर सकी तो भाई विशाल और सचिन को भाई के खोने के साथ ही इस बात का भी दुख जिंदगी भर सताता रहेगा कि वो भाई के शव का अंतिम संस्कार



भी नहीं कर सके। दो साल पहले हो गई थी पिता की मौत अमन के पिता बबलू सैनी की दो साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। परिवार अभी उस दुख से निकला भी नहीं था कि अब बेटे की मौत ने तोड़ दिया। नन्ही का बड़ा बेटा हल्द्वानी में रहकर काम करता है जबकि अमन ही अपनी मां के साथ घर की देखभाल कर रहा था। एक छोटा भाई सचिन और बहन पढ़ाई कर रहे हैं। मेरे बेटे की हत्या कर फेंका शव नन्ही ने मोहल्ले में रहने वाले एक युवक पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी युवक चार साल जेल में रहने के बाद बाहर आया है। एक जनवरी की रात वो मेरे घर में ही सोया था। दो जनवरी को वो अपने साथ मेरे बेटे को ले गया। उसने ही मेरे बेटे की हत्या की है। यह होती है लापता को ढूंढने की प्रक्रिया यदि कोई व्यक्ति लापता हो जाता है तो थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई जाती है। पुलिस वायलेस के जरिए पूरे जनपद रेंज और जोन में इसकी सूचना पास करती है। इसके अलावा सोशल मीडिया, टीवी, अखबार में भी सूचनाएं प्रकाशित कराई जाती हैं जबकि लावारिस लाश मिलने पर मृतक की पहचान कराने के लिए पुलिस लोगों को मौके पर बुलाती है। इसके बाद भी पहचान नहीं होती है तो जनपद रेंजए जोन में भी वायलेस के जरिए मैसेज पास कराया जाता है। ताकि कोई व्यक्ति लापता हो तो उसके परिजन मौके पर आकर पहचान करा सकें। इसके अलावा टीवी और अखबार में भी लावारिस शव मिलने की सूचनाएं प्रसारित कराई जाती हैं। शहर के एक थाना क्षेत्र से लापता और दूसरे थाने में उसी युवक के शव का लावारिस में अंतिम संस्कार होना है तो ये गंभीर मामला है। इस मामले की जांच कराई जाएगी। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने और लापता युवक के ढूंढने के प्रयास में कहां लापरवाही बरती है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस पर कार्रवाई की जाएगी।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अप्रैल से देना होगा टोल : वसूली के लिए यूपीडा जल्द निकालेगा टेंडर


लखनऊ ब्यूरो : बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अप्रैल से वाहनों को टोल टैक्स देना होगा। कारों पर 610 रुपये और हल्के कॉमर्शियल वाहनों की दरें 965 रुपये प्रस्तावित हैं। बिना ट्रायल शुरू हो रही इस टैक्स वसूली के लिए यूपीडा जल्द टेंडर निकालेगा। इस एक्सप्रेसवे से बुंदेलखंड क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है। 296.07 किमी लंबा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा से गुजरते हुए आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे में मिलता है। यातायात के लिए वर्ष 2021 में खुले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन पिछले वर्ष जुलाई 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। पहले तय हुआ था कि तीन महीने ट्रायल के लिए टोल टैक्स वसूलने का ठेका दिया जाएगा, लेकिन यूपीडा ने यह फैसला बदल दिया है। अब टोल वसूली के लिए फाइनल टेंडर निकाले जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, अप्रैल से वसूली शुरू करने के लिए यूपीडा 15 जनवरी तक टेंडर नोटिस जारी



कर मार्च तक प्रक्रिया पूरी कर लेगा। प्रस्तावित टोल दरों के अनुसार कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहनों पर 610 रुपये, हल्के व्यावसायिक व हल्के माल यान या मिनी बस पर 965 रुपये, बस या ट्रक पर 1935 रुपये, भारी निर्माण कार्य मशीन व (3–6 एक्सल) वाले वाहनों पर 2965 रुपये और 7 या उससे अधिक पर 3795 रुपये टोल टैक्स लग सकता है।

## भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की सूची : 23 उम्मीदवारों ने भरे पर्चे

लखनऊ ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि पार्टी ने बरेली मुरादाबाद खंड स्नातक क्षेत्र से श्री जय पाल सिंह व्यस्त, कानपुर उन्नाव स्नातक क्षेत्र से अरुण पाठक, गोरखपुर फैजाबाद स्नातक खंड क्षेत्र से देवेंद्र प्रताप सिंह, कानपुर उन्नाव शिक्षक क्षेत्र से वेणु रंजन भदौरिया और झांसी प्रयाग राज शिक्षक स्नातक क्षेत्र से बाबू लाल तिवारी को विधान परिषद के चुनाव में प्रत्याशी घोषित किया है। सोमवार को 19 उम्मीदवारों ने नामांकन किए। इस तरह अब तक यह संख्या 23 तक पहुंच गई है। सोमवार को गोरखपुर–फैजाबाद खंड स्नातक से देवेंद्र प्रताप सिंह और कानपुर खंड शिक्षक से डॉ. दिवाकर मिश्रा ने नामांकन किया। गोरखपुर–फैजाबाद खंड स्नातक से ही निर्दलीय विपिन बिहारी शुक्ला, अविनाश प्रताप, सरजू प्रसाद द्विवेदी और अखंड प्रताप सिंह ने भी अपने पर्चे दाखिल किए। कानपुर खंड स्नातक से निर्दलीय नेहा सिंह, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और राजेश कुमार अहिरवार ने नामांकन किया। वहीं, बरेली–मुरादाबाद खंड स्नातक से विश्वनाथ, इलाहाबाद–झांसी खंड



शिक्षक क्षेत्र से निर्दलीय डॉ. हरिओम बादल, राम कृष्ण शर्मा, अशोक कुमार राठौर, शमीम बानो और इमरान अहमद ने नामांकन किया। कानपुर खंड शिक्षक क्षेत्र से निर्दलीय विनोद कुमार, भुवनेश भूषण, सपा की प्रियंका यादव ने पर्चा दाखिल किया।

## लखनऊ के मशहूर जायकों का लुत्फ उठा सकेंगे रेल यात्री : लोकल फूड वेंडरों को पंजीकृत कर रहा आईआरसीटीसी

लखनऊ ब्यूरो : ट्रेन में सफर कर रहे यात्री अब तमाम शहरों के मशहूर जायकों का लुत्फ उठा सकेंगे। जैसे लखनऊ में उन्हें बाजपेयी की पूड़ियां, शुक्ला की चाट, प्रकाश की कुल्फी... और ऐसे ही तमाम लोकल फूड वेंडरों की खाद्य सामग्रियां उपलब्ध कराई जाएंगी। आईआरसीटीसी ऐसे तमाम मशहूर वेंडरों को जोड़ने के लिए पोर्टल बनाकर उन्हें पंजीकृत कर रहा है। ई–कैटरिंग से जुड़कर यात्री व वेंडर, दोनों को फायदा होगा। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) छोटे, बड़े व मशहूर वेंडरों को खाद्य सामग्रियां बेचने के लिए वेबसाइट पर जगह देगा, जहां पंजीकरण कराकर वे व्यवसाय कर सकते हैं। अभी तक इस वेबसाइट पर खानपान की सिर्फ नामीगिरामी कंपनियों को ही जगह मिलती थी। अब तमाम इच्छुक वेंडर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर उत्पाद को बढ़ावा दे सकते हैं और अच्छा खासा पैसा भी कमा सकते हैं। आईआरसीटीसी के पास उत्तर रेलवे के दो डिवीजन लखनऊ व मुरादाबाद सहित पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी, इज्जतनगर व लखनऊ मंडल तथा उत्तर मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन हैं, जहां ट्रेनों के यात्रियों को यह सुविधा मिलेगी। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा बताते हैं कि ई–कैटरिंग ऐसी सेवा है, जो चलती ट्रेनों में यात्रियों के लिए



बड़ा सपोर्ट है। तमाम ट्रेनें ऐसी हैं, जिसमें पैंट्रीकार की सुविधा नहीं है। ऐसे में ई–कैटरिंग यात्रियों के लिए वरदान है। लखनऊ में अभी तक 24 वेंडर पंजीकरण कराकर अपने फूड आइटम यात्रियों तक पहुंचाते हैं। लखनऊ में रोजाना पांच सौ खानपान के आइटम ई–कैटरिंग से पहुंचाए जा रहे हैं, जबकि इसकी संख्या बढ़ाने का बहुत स्कोप है। जोमैटो, स्विगी से होगा टाई–अप लखनऊ के लोकल फूड वेंडरों के आईआरसीटीसी से जुड़ जाने के बाद जब यात्री खानपान के आइटम बुक करेंगे तो दुकान से ट्रेन तक सामान पहुंचाने के लिए जोमैटो, स्विगी की सर्विसेज ली जाएंगी। इनकी वेबसाइट पर भी इन वेंडरों के आइटम बुकिंग के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## काशी पहुंचा गंगा विलास क्रूज : 13 जनवरी को पीएम मोदी डिब्रूगढ़ के लिए करेंगे रवाना

वाराणसी ब्यूरो : दुनिया के सबसे लंबे सफर पर रवाना होने के लिए गंगा विलास क्रूज सोमवार को वाराणसी पहुंच गया। राजघाट से करीब आठ किलोमीटर पहले रौना गांव के सामने गंगा विलास को रोक दिया गया। मंगलवार को रामनगर में क्रूज लंगर डालेगा। 12 जनवरी की रात क्रूज रविदास घाट पहुंचेगा। यहां से 13 जनवरी को पीएम मोदी वर्चुअल इसे हरी झंडी दिखाकर डिब्रूगढ़ के लिए रवाना करेंगे। कोलकाता से 22 दिसंबर 2022 को रवाना हुआ एमवी गंगा विलास 18वें दिन वाराणसी के कैथी मार्कंडेय धाम पहुंच गया। घने कोहरे के चलते सोमवार को चंदौली के धानापुर से चले क्रूज को मार्कंडेय महादेव धाम पहुंचने में दोपहर के साढ़े तीन बज गए। यहां से गौरीशंकर महादेव घाट, चंद्रावती, गौरा उपरवार, सरसौल, बलुआ घाट, मोकलपुर को पार करते हुए शाम सवा सात बजे राजघाट से करीब आठ किलोमीटर पहले रौना गांव में क्रूज ने लंगर डाल दिया। अधिकारियों के मुताबिक शाम को अस्सी से राजघाट के बीच गंगा में नावों की चहल पहल ज्यादा रहती है। क्रूज के संचालन से नदी में लहरें आएंगी और इससे छोटी नावों के संचालन पर असर पड़ सकता है। एहतियात बरतते हुए क्रूज को राजघाट से पहले ही रोक दिया गया है। इसमें सवार पर्यटक सड़क मार्ग से रविवार को ही वाराणसी पहुंच गए थे। बक्सर पहुंचा मालवाहक जलयान भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि 13 जनवरी



को रवाना होने वाला मालवाहक जलयान सोमवार को बक्सर पहुंच गया। यह 12 जनवरी तक वाराणसी पहुंच जाएगा। एमवी गंगा विलास को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मालवाहक जलयान को भी रवाना करेंगे। आज काशी पहुंचेंगे 33 स्विस पर्यटक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को एमवी गंगा विलास क्रूज को डिब्रूगढ़ के लिए रवाना करेंगे। इस क्रूज से डिब्रूगढ़ जाने वाले 33 स्विस पर्यटकों का जत्था 10 जनवरी को सुबह पौने बारह बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंच जाएगा। यहां पर्यटकों का स्वागत शहनाई की धुन से होगा। बाबतपुर से लग्जरी वाहन से इन्हें रामनगर स्थित पोर्ट पर ले जाया जाएगा। रामनगर में क्रूज पर सवार होने के बाद शाम को पर्यटक रामनगर किले का भ्रमण करेंगे। इसके बाद नौका विहार करते हुए गंगा आरती देखेंगे। आरती देखने के बाद वापस क्रूज पर आएंगे। अगले दिन 11 जनवरी को चुनार किले का भ्रमण करने जाएंगे। यहां से मिर्जापुर स्थित घंटाघर जाएंगे। 12 जनवरी को इन पर्यटकों के लिए रविदास घाट पर सांस्कृतिक आयोजन होंगे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव के मुताबिक पर्यटकों के ग्रुप में 32 पर्यटक और एक जर्मन गाइड शामिल हैं।

## प्रयागराज में इंडियन स्कीमर पक्षी को संरक्षण देगा वन विभाग : कैंसर सर्जन ने भी बढ़ाया हाथ

प्रयागराज ब्यूरो : तेजी से विलुप्त होती पक्षियों की प्रजाति इंडियन स्कीमर को संरक्षित करने के लिए अब वन विभाग ने पहल की है। इसके तहत वन विभाग गंगातट तथा कछारी क्षेत्रों के पास बसे गावों के लोगों को इन पक्षियों के प्रति जागरूक करने में लगा है। इनके अंडों को गंगा की रेती में संरक्षित करने की तैयारी भी है। इनकी प्रजाति को बचाने के लिए बीएनएचएस तथा बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी जैसी बड़ी संस्थाएं प्रयास कर रही हैं। वन विभाग के मुताबिक जनपद में इंडियन स्कीमर पक्षियों का आना जाना लगा रहता है। ये अधिकतर चंबल की घाटी तथा गुजरात के अतिरिक्त बांग्लादेश में देखे जाते हैं। लेकिन, गंगा की रेती तथा नदियों के होने की वजह से प्रयागराज में भी इनकी संख्या कम नहीं है। इन पक्षियों को झूंसी, रसूलाबाद सहित सभी कछारी इलाकों में देखा जा सकता है। प्रयागराज में इनकी संख्या लगभग 200 है। यहां गर्मियों में इनका आगमन होता है। यह सिलसिला तकरीबन आठ माह तक बना रहता है। वन विभाग की ओर से इन पक्षियों की प्रजाति को बचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाने सहित इनके अंडों को संरक्षित किया जाना है। कई संस्थाओं से भी संपर्क करके वन विभाग इन्हें संरक्षित करने में जुटा है। नदियों में प्रदूषण, बांध का प्रभाव इन पक्षियों की संख्या लगातार कम होने के पीछे नदियों का प्रदूषित होना और बांध बनाए जाना है। इंडियन स्कीमर रेत में



अपने अंडे देते हैं। अपने अंडों को गर्मी से बचाने के लिए ये अपने अंडों पर नदी का पानी भी डालते हैं। मगर बांध बनने से इनके घोंसले टिक नहीं पाते हैं। इन पक्षियों को बचाने के लिए अब बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी से संपर्क किया है। उनकी ओर से किए गए शोध के आधार पर इन पक्षियों को बचाने की लगातार कोशिश है। – डॉ.अर्पित बंसल, लैप्रोस्कोपी व कैंसर सर्जन वन विभाग की ओर से इंडियन स्कीमर पक्षी को बचाने के लिए कछार के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जाता है। इसके अलावा अब वाइल्ड लाइफ से जुड़ी बड़ी सोसायटी से संपर्क करके उनके साथ विचार विमर्श किया जा रहा है। – कुंज बिहारी वर्मा, सहायक वन संरक्षक

## लंबित भर्तियां पूरी हों तो 32 हजार युवाओं को मिलेगी नौकरी : तेज हुई तैयारियां

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में भर्ती परीक्षा के लंबित परिणामों, बहुप्रतीक्षित परीक्षाएं और नए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो तो 32 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। आयोग ने अब 2015 से लंबित भर्तियों को पूरा कराने की कवायद तेज की है। जल्द ही 14 हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे जाएंगे। साथ ही 12,709 पदों पर भर्ती के परिणाम जारी किए जाएंगे। आयोग को विभिन्न विभागों से कनिष्ठ सहायक, ग्राम्य विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और कृषि प्राविधिक भर्ती के लिए बीते वर्ष अधियाचन मिला था। आयोग ने अधियाचनों का परीक्षण कराने के बाद तकनीकी अड़चनों पर शासन से मार्गदर्शन मांगा है। मार्गदर्शन मिलते ही इन भर्तियों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उधर, आयोग ने 2015 से लंबित भर्ती परीक्षाओं के परिणाम भी जारी करने की कवायद तेज कर दी है। उम्मीद है कि मई–जून तक 2022 तक आयोजित सभी भर्ती परीक्षाओं का परिणाम कर दिए जाएंगे। 14 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती की तैयारी आयोग जल्द ही 14 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा। इनमें कनिष्ठ सहायक के 5000, कृषि प्राविधिक के 3500, गन्ना पर्यवेक्षक के 951, ग्राम्य विकास अधिकारी के 2100, ग्राम पंचायत अधिकारी के 2500 पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही आवेदन मांगें जाएंगे। पीईटी–2022 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी इन भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। पीईटी–2022 का परिणाम जनवरी अंत तक जारी होगा। मार्च–अप्रैल तक जारी होंगे 12709 पदों के भर्ती परिणाम उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 2015 से लंबित 12709 पदों की भर्तियों के परिणाम जारी करने की कवायद भी तेज की है। इन भर्तियों के परिणाम मार्च–अप्रैल तक जारी होंगे। इन परीक्षाओं के आएंगे परिणाम प्राविधिक शिक्षा में अनुदेशकों के 234 पदों की भर्ती 2015 से लंबित है। इन पदों के लिए साक्षात्कार चल रहे हैं। इस भर्ती का परिणाम इसी महीने जारी किया जाएगा। इसी तरह 79 पदों पर कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती 2016 और 284 पदों पर मंडी निरीक्षक भर्ती 2018 का परिणाम जारी होगा। जेई के 489 पदों पर 21 जनवरी 2021 को हुई भर्ती परीक्षा। जेई के 1477 पदों के लिए 16 अप्रैल 2022 को हुई परीक्षा। मंडी परिषद में एएसओ के 904 पदों के लिए 22 मई 2022 हुई परीक्षा। सहायक बोरिंग टेक्निशियन के 486 पदों पर 3 जुलाई को हुई परीक्षा। वन्य जीव रक्षक के 655 पदों पर 31 जुलाई 2022 को हुई परीक्षा। लेखपाल के 8085 पदों पर भर्ती के लिए 31 जुलाई का हुई लिखित परीक्षा। लंबित 5172 पदों की भर्ती परीक्षा अप्रैल बाद 2016 से लंबित समाज कल्याण विभाग में ग्राम्य विकास अधिकारी के 1953 पदों, कनिष्ठ सहायक के 2224 पदों, वन दरोगा के 701 पदों पर भर्ती के लिए भी अप्रैल के बाद लिखित परीक्षा होगी। तीनों भर्ती परीक्षाओं के लिए करीब 16 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को भर्ती का इंतजार है। सम्मिलित तकनीकी सेवा के 294 पदों पर 2016 से लंबित परीक्षा का भी आयोजन होगा। उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष प्रवीर कुमार का कहना है कि लंबित परिणाम जारी करने और भर्ती परीक्षाएं कराने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसकी जानकारी आयोग समय–समय पर अपडेट की जा रही है।

## पुराने जर्जर तारों के सहारे दौड़ाई गई कल्पवासी शिविरों में बिजली : हादसे की आशंका

प्रयागराज ब्यूरो : संगम की रेती पर जप, तप, ध्यान के लिए पहुंचे कल्पवासियों के शिविरों में बिजली आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्था बदहाल है। कई जगह अभी बिजली पहुंची ही नहीं है। जहां कनेक्शन दिए गए हैं, वहां ज्यादातर शिविरों में फ्यूज बल्ब लगाए जाने की शिकायतें आ रही हैं। इसके अलावा पुराने और कटे हुए तारों को जोड़कर शिविरों में बिजली दौड़ाए जाने से हादसे की भी आशंका बनी हुई है। सेक्टर तीन स्थित खाक चौक में महावीर मार्ग पर मौनी बाबा के शिविर में 10 से अधिक कॉटेज में प्रदेश के अलग–अलग इलाकों से आए श्रद्धालु कल्पवास कर रहे हैं। इस शिविर में लगाए गए 25 बल्बों में से 10 बल्ब फ्यूज निकल गए। बल्ब न जलने की शिकायत कई बार करने के बाद वहां नए बल्ब दिए गए हैं। यहां यज्ञशाला के लिए अलग कनेक्शन है, लेकिन छह जनवरी को पौष पूर्णिमा से यज्ञ आरंभ होने के बाद भी तब बिजली नहीं लग सकी है। इस वजह से रात को यज्ञशाला में अंधेरा रहता है। इस शिविर के संचालक दिव्यांशु शुक्ल ने बताया कि कटे हुए पुराने तारों के सहारे बिजली दौड़ाई गई है। चारों में जगह–जगह पैबंद लगाए गए हैं। स्पार्किंग होने पर हादसे की आशंका रहेगी। इसी तरह सेक्टर तीन में ही काली मार्ग दक्षिणी पटरी पर डॉ. प्रकाश चंद्र मिश्र के कल्पवासी शिविर में भी पांच से अधिक बल्ब फ्यूज लगाए गए हैं। शिविरों में बल्ब न जलने की शिकायत के बाद उन्हें बदला गया। इस शिविर के वैभव चंद्र मिश्र ने बताया कि फ्यूज बल्ब लगाए जाने की शिकायतें आम हैं। तार कहीं जोड़–जोड़ कर बनाए गए तारों के सहारे कनेक्शन दिया गया है तो कहीं स्विच बोर्ड खराब हैं। सेक्टर दो में भी कई शिविरों में फ्यूज बल्ब लगाए जाने की शिकायतें हैं। पुराने और कटे हुए तार अगर किसी सेक्टर के शिविरों में लगाए गए हैं तो उन्हें बदला जाएगा। इस तरह का काम करने वाले वेंडर की जांच कराई जाएगी। ताकि, स्थिति में समय रहते सुधार लाया जा सके। – भविष्य कुमार सक्सेना– अधिशासी अभियंता, माघ मेला।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं
समाचार-पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।